दिनांक 08.01.2021

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

पीएम आवास में मकान मिलने के बाद भी नहीं छोड़ रहे थे कब्जा , निगम की टीम ने किया बेदखल , केनाल रोड में फिर से कब्जा करने वालों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत केनाल रोड निर्माण में प्रभावितों को प्रधानमंत्री आवास में मकान आबंटित होने के बाद भी कब्जा नहीं छोड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई। जिस स्थान से हटाया गया था, वहां पर पुनः अवैध निर्माण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए मकानों को तोड़कर बेदखली की कार्यवाही की गई। रमा साहू द्वारा केनाल रोड के किनारे दो तला मकान बना लिये थे तथा एक व्यक्ति द्वारा दीवार बनाकर बाउंड्रीवाल बना रहा था जिसे जेसीबी से तोड़कर बेदखली की कार्यवाही की गई। जोन आयुक्त ने इस तरह और भी जो लोग पुनः कब्जा कर रहे है , उसका निरीक्षण शीघ्र ही तोड़ने की कार्यवाही करने निर्देश दिए है। जोन 04 शिवाजीनगर क्षेत्रांतर्गत केनाल रोड निर्माण के दौरान हटाए गए लोगों द्वारा पुनः अवैध निर्माण करते हुए पाए जाने पर जोन के राजस्व विभाग की टीम ने तोड़फोड़ की कार्यवाही किए। जोन 04 के सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू ने बताया कि केनाल रोड से प्रभावितों को प्रधानमंत्री आवास के तहत मकान आबंटन किया गया है। योजना में मकान आबंटन होने के बाद भी कई लोगों द्वारा कब्जा नहीं छोड़ा गया है तथा पहले सड़क निर्माण के दौरान तोड़े हुए मकान को पुनः निर्माण किया जा रहा है। ऐसे लोगों के मकानों को चिन्हित कर उन लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जोन की तोड़फोड़ टीम व जेसीबी के साथ विभागीय अधिकारी केनाल रोड पहुंचे जहां 3 लोगों के द्वारा तोड़े हुए मकान को फिर बनाया जा रहा था , जिसे जोन आयुक्त व उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद जेसीबी से तोड़फोड़ कर बेदखली की कार्यवाही की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी